<u>पटना, दिनांक 21.05.2017 को अनीसाबाद पुलिस कॉलनी स्थित सेक्टर C पार्क के कार्यक्रम का विस्तृत रिपोर्ट :-</u>

दिनांक 21.05.2017 को सुबह 7:00 बजे पटना के अनीसाबाद पुलिस कॉलनी स्थित सेक्टर C के पार्क में दधीचि देह दान समिति की ओर से जन जागरण अभियान का आयोजन किया गया | दधीचि देह दान समिति ने शहर के सभी पार्कों में सुबह टहलने वालों एवं शहरवासियों के बीच देह दान / अंग दान के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया है | इसी कड़ी में यह सातवाँ कार्यक्रम था | उक्त कार्यक्रम में 150 से अधिक लोगों ने सिरकत किया | कुल 4 लोगों ने अंगदान / देहदान करने की इच्छा जाहिर करते हुए फार्म भरा | आगन्तुकों में से 47 लोगों ने परिचय पत्र फार्म भरा और 26 लोगों ने रजिस्टर पर अपना नाम दर्ज कराया |

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं दधीचि देह दान समिति के मुख्य संरक्षक **श्री सुशील कुमार मोदी** ने कहा कि आज समाज को अंग दान / देह दान की जरूरत है | मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को पढ़ने हेतु मृत शरीर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है | लोगों में दृष्टिहीनता की बिमारी होने पर प्रत्यारोपण हेतु आंख उपलब्ध नहीं होता है | देश के कई राज्य इस क्षेत्र में काफी आगे बढ़ चुके हैं | बिहार के लोगों में भी अन्य राज्यों की भांति अंगदान के प्रति जागरूकता लाने की जरुरत है | श्री मोदी ने लोगों से चक्षु दान करने की अपील की और कहा कि आई० जी० आई० एम० एस० में चक्षु बैंक खुल चुका है और आँख प्रत्यारोपण की भी व्यवस्था है |

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को दीघा विधान सभा क्षेत्र के विधायक **श्री संजीव चौरसिया** ने संबोधित करते हुए कहा कि शरीर नश्वर है | मृत्यु के उपरान्त भी आपका शरीर यदि समाज के काम आ सके तो इससे बड़ा पुनीत कार्य कुछ भी नहीं हो सकता | जिन लोगों की इच्छा देह दान / अंग दान करने की हो वो दधीचि देह दान समिति के कैम्प कार्यालय 1, पोलो रोड, पटना में संपर्क कर सकते हैं |

पटना के प्रख्यात नेत्र रोग विशेषग्य **डॉ० सुभाष प्रसाद** ने अंग प्रत्यारोपण तथा अंग दान से सम्बन्धित तकनीकी जानकारी लोगों को दी और बताया कि अभी तक आई० जी० आई० एम० एस० में 150 से ऊपर लोगों में आँख प्रत्यारोपित किया जा चुका है | अब बिहारवासियों को आँख दान या आँख प्रत्यारोपण के लिए राज्य से बाहर जाने की जरुरत नहीं है |

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद **डॉ० एम० रहमान** ने कहा कि वैदिक काल से ही भारत में देह दान और अंग दान की परंपरा चली आ रही है जिसको हमें कायम रखना है |

उक्त कार्यक्रम को दधीचि देह दान समिति के सदस्य **श्री अभिजीत कश्यप** ने भी संबोधित किया | कार्यक्रम में माँ वैष्णो देवी सेवा समिति की ओर से समिति के सचिव **श्री मुकेश हिसारिया** भी उपस्थित थे |

मंच का संचालन **डॉ० मनोज संढवार** ने किया | कार्यक्रम में दधीचि देह दान समिति की ओर से समिति के कोषाध्यक्ष **श्री प्रदीप चौरसिया** ने धन्यवाद ज्ञापन किया |